



# काली मिट्टी के अभाव में डेम का कार्य था प्रभावित

## एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी ने उठवाई काली मिट्टी

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 17 जनवरी। अजयगढ़ नगर के पश्चिम की ओर बनने वाला मझगांय बांध जिससे शासन की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना पानी पहुंचाने के लिए पानी की सप्लाई की जाना है जिससे इस समय कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।**



मझगांय बांध निर्माण में ज्यादातर लोगों को मुआवजा की राशि वितरित कर दी गई है उनके खेत अधिग्रहण कर लिए गए हैं शासन द्वारा पैसा पाने के बाद भी कुछ किसान निर्माणधीन बांध के भराव क्षेत्र में अपनी भूमि पर कृषि कार्य कर रहे हैं उन किसानों के द्वारा भराव क्षेत्र में फसले भी बो दी गई है। 17 जनवरी को सुबह एसडीएम आलोक मार्को एसडीओपी राजीव सिंह भदोरिया तहसीलदार सुरेंद्र कुमार थाना प्रभारी बखत सिंह राजस्व पुलिस का संयुक्त दल ग्राम वनहरी पहुंचा और वहां पर पूर्व से चिन्हित खेतों पर काली मिट्टी जिन खेतों पर थी ठेकेदार द्वारा पहले से चिन्हित कर ली गई थी जिसकी प्रशासनिक अधिकारियों के सामने काली मिट्टी खुदाई की गई क्योंकि मझगांय बांध मिट्टी से बनाया जा रहा मिट्टी के बांधों में में मैनकोर पर काली मिट्टी ही डाली जाती है जिससे बांध का रिसाव ना हो और काली मिट्टी काफी मजबूत मानी जाती है। 16 जनवरी को तहसीलदार सुरेंद्र कुमार द्वारा बनहरी गांव एवं कुंवरपुर ग्राम जहां की काली मिट्टी जिन खेतों की खोदी जाना थी उन किसानों से मिलकर उनको समझाइए दी गई थी कि बांध के भराव क्षेत्र में चिह्नित करके काली मिट्टी निकाली जाएगी और संबंधित किसान इस भूमि का मुआवजा की राशि प्राप्त कर चुके हैं।

अतः आपका हक अधिकार खत्म है इस भूमि से यह भूमि शासन की अधिग्रहण की हुई भूमि है निर्माणधीन वाध में काली मिट्टी की उपयोगिता को देखते हुए इसका उपयोग किया जाएगा। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया की ग्राम वनहरी कुंवरपुर हनुमतपुर टोरिया भराव क्षेत्र के बाध ठेकेदार द्वारा लगभग डेढ़ दर्जन किसानों के खेतों की काली मिट्टी चेक करके बताई गई थी सभी जगह प्रशासन ने पहुंचकर ठेकेदार को मिट्टी खुदाई अपने सामने प्रारंभ करवा दी है जिससे निर्माणाधीन बांध में निर्माण कार्य में देरी ना हो।

इस कार्यवाही में एसडीएम आलोक मार्को एसडीओपी राजीव सिंह भदोरिया तहसीलदार सुरेंद्र कुमार नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार राजकुमार वर्मा हनुमतपुर चैकी प्रभारी सावित्री राजपूत सहित राजस्व पुलिस का संयुक्त अमला साथ रहा।

## पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

पन्ना 17 जनवरी। उच्च न्यायालय जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार स्थायी वारंटियों, साक्षी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडु के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 134/21, धारा 418, 419, 420, 379, 467, 468 भा.दं.सं. के तहत वर्ष 2021 से फरार चल रही स्थायी वारंटी आरोपिया आरती पति रवि अहिरवार उम्र 28 वर्ष निवासी रौरैया मोहल्ला टीकमगढ़, जिला टीकमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपिया द्वारा चोरी की नीयत से अपना नाम व पता बदलकर धोखाधड़ी करते हुए मिथ्या विवाह कराया गया था। न्यायालय द्वारा वर्ष 2021 में आरोपिया के विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 16 जनवरी को आरोपिया को टीकमगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सलेहा रेंज में आयोजित हुआ अनुभूति नेचर कैंप

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। दिनांक 17 जनवरी को दक्षिण पन्ना वनमण्डल के सलेहा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन सिद्धनाथ मंदिर, अगस्त्य आश्रम के समीप प्राकृतिक परिवेश में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा द्वारा की गई।**



मुख्य अतिथि के रूप में पन्ना टाइगर रिजर्व के नवागत उप संचालक बीरेंद्र पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपवनमंडल अधिकारी नितिन निगम, वन परिक्षेत्र अधिकारी जीतू सिंह बघेल, वन अमला एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव और हम हैं धरती के दूत थीम पर किया गया। कैंप में लगभग 150 छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्य समझाते हुए मिशन लाइफ के अनुरूप पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने तथा प्रो प्लैनेट पीपल बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित यह कैंप बच्चों के लिए सीख और अनुभव का विशेष अवसर बना। मास्टर ट्रेनर अजय चैरसिया द्वारा नेचर ट्रेल ट्रेकिंग के माध्यम से बच्चों को पत्तों एवं टहनियों से वृक्ष प्रजातियों की पहचान, पारिस्थितिक तंत्र की समझ, जैव श्रृंखला में बाघ की अम्ब्रेला प्रजाति के रूप में भूमिका, वन्यप्राणियों के पदचिन्हों की पहचान तथा पक्षी दर्शन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना के असली हीरे पहल के तहत दो विशिष्ट अतिथियों द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। कक्षा दसवीं मध्य प्रदेश राज्य बोर्ड के टॉपर सौरभ कुशवाहा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं केंद्रीय विद्यालय पन्ना की छात्रा अग्नि अवस्थी, जो राष्ट्रीय स्तर के योग आयोजनों में सहभागिता कर चुकी हैं, ने प्रभावशाली योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर बच्चों को शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक संतुलन एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया। कैंप के दौरान मनमोहक जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई।

# छत्रसाल कॉलेज में आंतरिक परिवाद समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। आज दिनांक 17 जनवरी को छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आंतरिक परिवाद समिति की बैठक संपन्न हुई।**



जिसमें समिति की संयोजक डॉ.मनोरमा गुप्ता, सदस्य कु. वैशाली रजक, बाह्य आमंत्रित सदस्य डॉ. दुर्गा त्रिपाठी एवं श्रीमती साक्षी दुबे ,(एडवोकेट) सारगर्भित उपस्थिति रही, बैठक में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आंतरिक परिवाद समिति के गठन की आवश्यकता पर गहन चर्चा हुई। महाविद्यालय में कार्यरत सभी सदस्यों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्मित है एवं आज दिनांक 17 जनवरी तक आंतरिक परिवाद समिति में कोई भी शिकायत दर्ज नहीं हुई। इस समिति के गठन का उद्देश्य है- कार्य स्थल पर कार्यरत महिलाओं से किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो कु. वैशाली रजक सहायक प्राध्यापक हिंदी द्वारा बैठक में आमंत्रित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# छत्रसाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल के अंतर्गत छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा जे.के. सीमेंट उद्योग, पुरैना ( अमानगंज ) का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कराया गया।**




यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के संरक्षण एवं योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के आयोजन में जे.के. सीमेंट उद्योग के एच.आर. हेड अवनीश कुमार गौतम एवं एच.आर.योगेश कुमार शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के कुल 34 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भ्रमण से पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. एम. दत्ता ने विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक निर्देश दिए। जे.के. सीमेंट प्लांट में सुरक्षा अधिकारी नितीश धुरिया एवं एच.आर. अधिकारी मनीष उपाध्याय द्वारा सेफ्टी इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं आपातकालीन सावधानियों की जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात सी.सी.आर. जोन में असिस्टेंट मैनेजर पुष्पेन्द्र रावत ने लाइमस्टोन से सीमेंट निर्माण की प्रक्रिया तथा आधुनिक तकनीकों पर प्रकाश डाला।

## डायल 112 ने ग्रामीणों की मदद से घर में लगी आग बुझाई

**पन्ना 17 जनवरी।** आज प्रातः 3 बजे अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कगरेबारा निवासी कशीराम अनुरागी पिता धनीराम अनुरागी उम्र 56 वर्ष ने सूचना दी कि वह घर से बाहर है और उसके घर मे आग लग गई है।

डायल 112 स्टॉफ जिसमें आरक्षक अभयराज एवं पायलट नंदकुमार मिश्रा बिना किसी विलंब के ग्राम कगरेबारा घटनास्थल पर पहुंच गये और ग्रामीणों को घर से दूर रहने की समझाइश दी और घर के अंदर बंधे पालतू जानवरों को तत्काल वहां से दूसरी जगह शिफ्ट किया और डायल 112 स्टॉफ तथा ग्रामीणों की मदद से भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल हो गये। जिस कारण बडी जन धन की हानि बच गई। ग्रामीणों ने डायल 112 स्टॉफ तथा पुलिस प्रशासन के इस साहसिक कार्य के लिए धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया है।

# दक्षिण पन्ना में ग्राम वन समितियों के सदस्यों को कंबल वितरित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। दिनांक 17 जनवरी को दक्षिण पन्ना वनमण्डल के शाहनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग द्वारा ग्राम वन समिति महेवा एवं बोरी के सदस्यों हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी राजुल कटारे की उपस्थिति में ग्राम वन समिति महेवा के अध्यक्ष भूरा बंजारा, ग्राम पंचायत बोरी के सरपंच मनीष खरे, ग्राम पंचायत ठरका के प्रतिनिधि छोटेलाल पटेल, ग्राम पंचायत गजदा के सचिव रामहेत पटेल सहित ग्राम वन समितियों के महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों से वनाग्नि न लगाने एवं आग लगने से रोकने में सक्रिय सहयोग की अपील की गई।

# जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ सफल आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में गत गुरूवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।**

इसमें जिले के सभी 5 ब्लॉक से चयनित छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान मॉडल में 59, लघुनाटिका एवं सेमिनार में 8-8 तथा स्थानीय गीत में 7 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियों की रोचक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विषयों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने वाले कौशल पर आधारित नवाचार तकनीक, जैविक पद्धति से कृषि, जल संरक्षण, सोलर ऊर्जा आदि से संबंधित मॉडल भी प्रस्तुत किए गए। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों ने भी विज्ञान के प्रति अपनी समझ और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करते हुए बेहतर एवं उत्कृष्ट मॉडल तैयार किए।

जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सांदीपनि विद्यालय पन्ना की छात्रा महक धामी ने मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग खेल-खेल में गणित सीखने की रोचक अवधारणा को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। अकादमिक टीम द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर मूल्यांकन तथा ऑनलाइन पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने और आओ करके सीखें की नवीन अवधारणाओं के बारे में बताया गया। डीपीसी अजय कुमार गुप्ता ने विज्ञान की वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रदर्शनी में शामिल सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और सभी छात्र-छात्राओं, मार्गदर्शी शिक्षकों, अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गोलीकांड के दोनों आरोपी अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 17 जनवरी। दिनांक 15 जनवरी को फरियादी मोहम्मद रहीस पिता जुमराती मोहम्मद उम्र 50 साल निवासी ग्राम ककरहटी ने ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी जब वह अपनी बहिन सबीना अख्तर की ससुराल ग्राम कृष्णगढ़ थाना पवई गया हुआ था।**

तभी जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर उसकी बहन के देवर अफजल उर्फ रानू खान ने जान से मारने की नीयत से सामने से कट्टे से फायर करके उसके पेट में गोली मार दी गई है जो बाहर नहीं निकली है।

पेट में फंसी हुई है फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 25/26 धारा 109(1) ठछै का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पवई पुलिस द्वारा घटना में लिप्त आरोपी अफजल उर्फ रानू खान पिता सत्तार खान निवासी ग्राम कृष्णगढ़ थाना पवई एवं एक अन्य सह आरोपी को एक अवैध पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय के आदेश से दोनों आरोपियों को उप जेल पवई न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है वहीं दूसरी ओर घायल रहीस मोहम्मद की स्थिति नाजुक बनी हुई है।



# हिंदू समाज ने नगर में निकाली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 17 जनवरी। पवई नगर के गायत्री मंदिर में सर्व हिंदू समाज के द्वारा हिंदुओं को एकत्रित करने के उद्देश्य से एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।**

इसके बाद नगर में गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड गांधी चैक,झंडा बाजार, कन्या शाला, मोहन्द्रा मोड,करही तिराहा, मिलौनीगंज के बाद स्थानीय महाराजा छत्रसाल मैदान में संपन्न हुई,जहां हजारों की संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए।




# चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। पुलिस मुख्यालय पी0टी0आर0आई0 भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु ‘ ’सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा’’ थीम पर दिनांक 01 जनवरी से दिनांक 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।**

एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के दिशा निर्देशन मे यातायात पुलिस पन्ना के द्वारा बस स्टैण्ड पर बस, ऑटो , ई - रिक्शा चालको व आम जनता को पम्पलेट वितरण किये गये साथ ही तेजगति गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार है, इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए। आमजन को इमरजेंसी केयर के विषय में भी बताया गया साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राहगीर योजना से संबंधित बिस्तृत जानकारी दी।

इस राहवीर योजना के कारण जहां सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायल व्यक्ति का त्वरित उपचार संभव हो सकेगा वहीं नव युवा एवं आम आदमी पीड़ित की मदद के लिए आगे आयेंगे जिससे सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्युदर में कमी परिलक्षित होगी।

# अजयगढ़ विकासखंड में ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 17 जनवरी। पन्ना जिले के विकासखंड अजयगढ़ में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा( राउंड 2 ) का भव्य, सुव्यवस्थित एवं अनुकरणीय आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।**



यह आयोजन न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने वाला रहा, बल्कि प्रशासनिक समन्वय, अनुशासन, सहभागिता और मानवीय संवेदनशीलता का भी प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत करता नजर आया। परीक्षा में कुल 706 विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षित थी, जिनमें से 670 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की। इस सफल आयोजन में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों, बीआरसी टीम, जन शिक्षकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रवि खरे, डीपीसी अजय गुप्ता सहित समस्त बीआरसी टीम, जन शिक्षा केंद्रों के जन शिक्षक, सभी शिक्षकगण, सहयोगी कर्मचारी, अभिभावक एवं विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा।

# धान खरीदी अब अंतिम चरण में किंतु परिवहन व भंडारण का संकट यथावत

नवभारत न्यूज

**पन्ना 17 जनवरी। धान खरीदी अंतिम चरण में चल रही है किन्तु इस भीषण ठण्ड में किसानों की फजीहत कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पन्ना मे खरीदी से लेकर भण्डारण तक कई जगह बैरियर दिखाई दे रहे हैं। खरीदी के पहले स्लाट बुकिंग के लिये लाईन, फिर खरीदी केन्द्र में तौल के लिये लाईन, किसी तरह से तौल हो गई तो उठाव व परिवहन का इंतजार, परिवहन हुआ तो भण्डारण का इंतजार।**

भण्डारण होने के बाद जब भुगतान की संभावना बनती है। ऐसी स्थिति में खाते में राशि आने के लिये कई दिनों का इंतजार किसान को करना पड़ता है। धान की बिक्री होने के पूर्व किसान के पास कई तरह की देनदारियां तो होती ही हैं इसके साथ ही और भी कई तरह की आवश्यकतायें होती हैं। किन्तु जब भुगतान में विलंब होता है अथवा भुगतान में कोई अवरोध हो जाता है तो किसान के सामने कई तरह के संकट पैदा हो जाते हैं।

**कहां-कहां दिखते हैं बैरियरः-** खरीदी में वसूली बैरियर की बात की जाय तो इसमें भी कोई कमी नहीं है। बताया जाता है कि सबसे पहले खरीदी केन्द्र में किसान से तौल एंव गुणवत्ता परीक्षण के नाम पर वसूली, फिर उठाव के बाद जब परिवहन हुआ तो भण्डारण के पूर्व भी गुणवत्ता के नाम पर प्रति वाहन के मान से वसूली की जाती है। इसी बीच जहां परिवहन में लगे ट्रक के चालक को मौका मिल गया तो वह भी दो चार बोरा धार बीच में इधर उधर कर देता हे। जहां सुविधा शुल्क प्राप्त होती रहती है वहां गुणवत्ता पर कोई जोर नहीं दिया जाता है।

तब यह मान लिया जाता है कि सरकारी काम है और सरकारी माल है। किन्तु जहां सुविधा शुल्क नहीं मिलती वहां कई तरह के नियम आड़े आ जाते है। धान का भण्डारण हो गया तो नागरिक आपूर्ति निगम में खेल शुरू हो जाता है। यहां मिलरों और नान के अधिकारियों के बीच सुविधा शुल्क का धंधा शुरू हो जाता है। मिलर से अनुबंध हो गया तो वह भी पीछे नहीं रहता। खरीदी गई भण्डारित धान उसे घटिया दिखने लगती है। वह एफएक्यू के अनुसार चावल देने के बजाय घटिया स्तर का चावल जमा करना शुरू कर देता है। वही चावल फिर गरीबों को वितरित किया जाता है जो सरकार का मुफ्त माल समझ कर ले जाता है। कोई उसका उपयोग करता है तो कोई बाजार में बिक्री कर देता है। इस तरह से धान खरीदी से पीडीएस तक बड़े बड़े खेल चलते रहते हैं।

### खरीदी होने के उपरान्त 48 घंटे में भुगतान के नियम

सरकारी आदेश व निर्देशों को देखा जाय तो पता चलता है कि धान की खरीदी होने के 48 घंटे के बाद किसान के खाते में भुगतान योग्य राशि पहुच जानी चाहिये। किन्तु यहां कई दिन बीत जाते हें तब भी खातों में राशि नहीं पहुचती। धान की बिक्री होने के बाद किसान को भुगतान पाने के लिये भी चकर काटने पड़ते हैं। खरीदी केन्द्रों में धान की बिक्री करना ही पर्याप्त नहीं होता जब तक धान का भण्डारण गोदामों में नहीं हो जाता। धान का भण्डारण होने के बाद माना जाता है कि धान की बिक्री हो चुकी है। कारण यह भी है कि इस खरीदी में कई विभाग व संस्थाये काम करती हैं। खरीदी में सहकारी समितियां तो भुगतान के लिये केन्द्रीय सहकारी बैंक, भण्डारण स्टेट बेयरहाउसिंग तो नागरिक आपूर्ति निगम नोडल होता है जो पूरा हिसाब किताब देखता है और आवश्यक राशि समयसमय पर सहकारी बैंक को मांग अनुसार जारी करता है।